an>

Title: Need to establish wagon repair factory at Dalmianagar in Sasaram Parliamentary Constituency.

श्री छेदी पासवान (सासाराम) : महोदय, आपने मुझे अवसर दिया, इसके लिए मैं आपको धन्यवाद देता हूं। महोदय, मेरे द्वारा बिहार के रोहताश जिला अंतर्गत डालमिया नगर उद्योग परिसर के निरीक्षण 12. 01. 2017 के क्रम में मैं आपको अवगत कराना चाहता हूं कि डालमिया नगर उद्योग परिसर में अवधिक वैगन मरम्मत कारखाना स्थापित करने का कार्य, वर्कशाप प्रोजेक्ट आर्गनाइजेशन, पटना को सौंपा गया है, किंतु इच्छाशक्ति के अभाव के कारण उक्त संस्थान द्वारा कारखाना स्थापित करने में अनावश्यक विलम्ब हो रहा है।

अतः मेरा विशेष अनुरोध है कि सदन के माध्यम से संबंधित मंत्रालय को निर्देशित किया जाए, ताकि एक महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट को पूरा किया जा सके। …(व्यवधान)

माननीय सभापति :

कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल और

श्री भैरों प्रसाद मिश्र को श्री छेदी पासवान द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।